<u>प्रादेशिक समाचार</u>

<u>दिनांक– 06.11.2025 (दोपहर–1310 बजे)</u>

<u>मुख्य समाचार</u>

- घाटशिला उपचुनाव में राजनीतिक सरगर्मी चरम पर, भाजपा और झामुमो जुटा रहे सभी ताकतें, आज मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और बंगाल के विपक्ष नेता शुभेंदु अधिकारी करेंगे रैली।

- सुप्रीम कोर्ट ने देवघर बाबा मंदिर परिसर के अतिक्रमण पर दिया निर्देश, श्रद्धालुओं की सुविधा सुनिश्चित करने के सुझाव देने की दी अनुमति।

- राष्ट्रव्यापी डिजिटल जीवन प्रमाणपत्र अभियान 4.0 शुरू, अभियान निदेशक आज गुमला में और कल डाल्टनगंज में करेंगे निरीक्षण।

- राज्य में मोंथा का प्रभाव थमने के बाद बढ़ी ठंड, मौसम विभाग ने अगले पांच दिन तक शुष्क मौसम और तापमान में उतार–चढ़ाव की जताई संभावना।
- 14वीं जिला खो–खो चैंपियनशिप 8 और 9 नवंबर को रांची में होगी आयोजित, सभी विद्यालय, क्लब और प्रखंड की टीमें ले सकेंगी हिस्सा।

****

घाटशिला विधानसभा उपचुनाव में राजनीतिक सरगर्मी चरम पर है, जहां भाजपा और झामुमो दोनों जीत के लिए पूरी ताकत झोंक रहे हैं। झामुमो उम्मीदवार सोमेश चंद्र सोरेन के समर्थन में झामुमो और यूपीए के शीर्ष नेता मैदान में हैं। वहीं भाजपा प्रत्याशी बाबूलाल सोरेन के पक्ष में पार्टी ने बड़े नेताओं को प्रचार में उतारा है। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन आज दामपाड़ा गंधनिया हाट मैदान में सभा करेंगे, जबकि बंगाल के विपक्ष नेता शुभेंदु अधिकारी सर्कस मैदान दाहिगोड़ा में भाजपा प्रत्याशी के समर्थन में रैली करेंगे।

****

घाटशिला विधानसभा क्षेत्र में उप–चुनाव के मतदान और मतगणना कवरेज के लिए मीडिया प्रतिनिधियों के प्राधिकार पत्र निर्वाचन आयोग द्वारा जारी कर दिए गए हैं। मीडियाकर्मी आज शाम 5 बजे तक सूचना भवन के प्रथम तल स्थित प्रेस कक्ष से अपना प्राधिकार पत्र प्राप्त कर सकते हैं।

****

बिहार विधानसभा चुनाव के पहले चरण के लिए मतदान जारी है। आज सुबह 11 बजे तक 27 दशमलव 65 प्रतिशत से अधिक मतदान की खबर है। बेगूसराय जिले में सबसे अधिक 30 दशमलव 37 प्रतिशत से अधिक वोट डाले गए हैं। राज्य में कई बड़े नेताओं ने मतदान किया। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने पटना जिले के बख्तियारपुर में उपमुख्यमंत्री और तारापुर सीट से भाजपा उम्मीदवार सम्राट चौधरी ने मुंगेर में वोट डाला। भाजपा नेता और केंद्रीय गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय और उनकी पत्नी ने हाजीपुर के मतदान केंद्र पर वोट डाला। विकासशील इंसान पार्टी प्रमुख और महागठबंधन के उपमुख्यमंत्री मुकेश सहनी ने भी दरभंगा में मतदान किया।

****

देवघर बाबा मंदिर परिसर से अतिक्रमण हटाने को लेकर सुप्रीम कोर्ट में दायर याचिका पर सुनवाई के बाद अदालत ने श्रद्धालुओं के लिए बेहतर सुविधाएं बहाल करने पर सुझाव देने की अनुमति दी है। यह आदेश संजीव सिंह की अपील पर दिया गया, जिन्होंने हाईकोर्ट के फैसले को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी थी। कोर्ट ने कहा कि सुझावों पर विचार कर मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं के लिए बेहतर व्यवस्था सुनिश्चित की जाएगी।

****

पाकुड़ जिले में सड़क दुर्घटनाओं पर रोक लगाने का कार्य परिवहन विभाग द्वारा किया जा रहा है। विस्तृत ब्योरा दे रहे हैं हमारे संवाददाता –

****

कार्मिक, लोक शिकायत तथा पेंशन मंत्रालय के पेंशन एवं पेंशनभोगी कल्याण विभाग द्वारा 1 से 30 नवंबर तक राष्ट्रव्यापी डिजिटल जीवन प्रमाणपत्र (डीएलसी) अभियान 4.0 आयोजित किया जा रहा है। इस अभियान का उद्देश्य फेस ऑथेंटिकेशन तकनीक के माध्यम से दो करोड़ पेंशनभोगियों तक पहुंचना है, ताकि वे घर बैठे आसानी से जीवन प्रमाणपत्र जमा कर सकें। इस अभियान के तहत विभाग के निदेशक राकेश कुमार आज गुमला और कल डाल्टनगंज में आयोजित डीएलसी शिविरों का निरीक्षण करेंगे।

****

इक्षक जहाज को औपचारिक रूप से आज नौसेना में शामिल किया जाएगा। नौसेना प्रमुख एडमिरल दिनेश के. त्रिपाठी की उपस्थिति में इस जहाज का जलावतरण किया जाएगा।

****

गिरिडीह जिले के ताराटांड़ थाना क्षेत्र में कल कलश यात्रा के दौरान दो समुदाय के बीच विवाद हो गया जिस के बाद स्थिति को नियंत्रित करने के लिए इलाके में भारी संख्या में पुलिस जवान तैनात किए गए। डीसी रामनिवास यादव और एसपी डॉ. बिमल कुमार ने मौके पर पहुंचकर लोगों से आपसी सद्भाव बनाए रखने और अफवाहों से दूर रहने की अपील की।

****

जमशेदपुर के मानगो क्षेत्र में कल शाम दो सांडों की लड़ाई में करीब 15 लोग घायल हो गए और एक महिला की मौत हो गई। एएसआई ज़फ़र अली ने बताया कि घटना की सूचना मिलते ही टाटा जू की रेस्क्यू टीम ने सांड को बेहोश कर सुरक्षित किया।

****

बेंचमार्क घरेलू शेयर सूचकांक सेंसेक्स और निफ्टी आज दोपहर मिला–जुला कारोबार कर रहे थे। प्राप्त रिपोर्ट के अनुसार, सेंसेक्स 51 अंकों की बढ़त के साथ 83 हजार 510 पर पहुंच गया, जबकि निफ्टी 31 अंकों की गिरावट के साथ 25 हजार 567 पर था।

****

रांची के सर्राफा बाजार में आज 22 कैरेट सोने का भाव एक लाख 12 हजार नौ सौ रुपये प्रति दस ग्राम है जबकि चांदी की कीमत एक लाख 58 हजार रुपये प्रति किलो है।

****

झारखंड में मोंथा का प्रभाव खत्म होने के बाद से ठिठुरन बढ़ गई है। मौसम विभाग के अनुसार, राज्य में अगले पांच दिन तक मौसम शुष्क रहेगा। अगले दो दिन में तापमान में 2–3 डिग्री सेल्सियस की बढ़ोतरी हो सकती है, इसके बाद न्यूनतम तापमान में 2–3 डिग्री सेल्सियस की गिरावट का अनुमान है।

****

रांची जिला खो–खो संघ के तत्वावधान में 8 और 9 नवंबर को 14वीं रांची जिला खो–खो चैंपियनशिप 2025 का आयोजन पुराने झारखंड विधानसभा स्थित जगन्नाथपुर थाना मैदान में किया जाएगा। संघ के अध्यक्ष संतोष प्रसाद ने बताया कि इसमें जिले के सभी इच्छुक विद्यालय, क्लब और प्रखंड की टीमें भाग ले सकती हैं।

******समाप्त***********